प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

24.08.2025 / प्रादेशिक समाचार / 9.20 बजे

पशु मित्र

प्रदेश सरकार ने पशुपालन विभाग में चतुर्थ श्रेणी के खाली पद भरने के लिए पशु मित्र नीति अधिसूचित कर दी है। भर्ती प्रक्रिया के लिए संबंधित जिलों में पशुपालन विभाग के उपनिदेशक पदों को विज्ञापित करेंगे। इन पदों पर भर्ती के लिए आयु सीमा 18 से 45 वर्ष तथा शैक्षणिक योग्यता दसवीं उत्तीर्ण निर्धारित की गई है।

मुकेश अग्निहोत्री

उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा है कि माता श्री चिंतपूर्णी मंदिर के भव्य भवन के निर्माण और सौंदर्यीकरण पर 250 करोड़ रुपये व्यय किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सुगम दर्शन प्रणाली लागू की गई है, जिससे भीड़ प्रबंधन बेहतर हुआ है और वृद्धजनों व दिव्यांगजनों को विशेष सुविधा मिल रही है। उन्होंन कहा कि मंदिर में ऑनलाइन लंगर बुकिंग और ऑनलाइन दर्शन जैसी डिजिटल सेवाएं भी आरंभ की गई हैं। उन्होंने बताया कि प्रसाद योजना के तहत माता श्री चिंतपूर्णी मंदिर के लिए 56 करोड़ 26 लाख. रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई है, जिससे धार्मिक पर्यटन और आध्यात्मिक विरासत को सुदृढ़ किया जाएगा। इससे पहले उन्होंने परिजनों सहित माता श्री चिंतपूर्णी मंदिर में शीश नवाया और प्रदेशवासियों के सुख-समृद्धि और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की।

जगत सिंह नेगी

राजस्व, बागवानी व जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी ने कल सोलन के परवाणू में एच. पी.एम.सी. के फल विद्यायन संयंत्र का निरीक्षण किया। बागवानी मंत्री ने फल विद्यायन संयंत्र में जूस तैयार करने के कार्य का अनुश्रवण कर अधिकारियों को उचित दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर उन्होंने ट्रांसपोर्टर व अन्य के साथ बातचीत की और विभिन्न समस्याओं का समयबद्ध निपटारे का आश्वासन दिया।

सम्मेलन

पीठासीन अधिकारियों का दो दिवसीय सम्मेलन आज नई दिल्ली में आयोजित होगा। जिसका शुभारंभ लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला करेंगे। सम्मेलन में प्रदेश के विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया भी भाग लेंगे। इस सम्मेलन में विधानसभा परिषद के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और भारत के सभी राज्यों विधान मण्डलों के पीठासीन अधिकारी भी शामिल होंगे।

मणिमहेश यात्रा

चम्बा जिला में चल रही मणिमहेश यात्रा फिर से शुरू हो गई है। एडीएम भरमौर कुलबीर राणा ने बताया कि भारी बारिश के चलते सुंदरासी में हुए भू–स्खलन से यात्रा को रोका गया था लेकिन विभिन्न टीमों के सहयोग से मलबा हटाकर इसे आज सुबह से फिर से शुरू कर दिया गया है। उन्होंने यात्रियों से अपील की है कि सकुशल यात्रा करें और भारी बारिश में अपने स्थानों पर सुरक्षित रुके रहें।

मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अनेक भागों में वर्षा का क्रम रूक–रूक कर जारी है। हालांकि राजधानी शिमला व इसके आसपास के क्षेत्रों में हल्की छूप लगी है। मंडी तथा कुल्लू जिलों में वर्षा का समाचार है। मौसम विभाग ने 26 अगस्त तक अनेक ज़िलों में भारी वर्षा का येलो अलर्ट जारी किया है। भूस्खलन से प्रदेश में एक राष्ट्रीय उच्च मार्ग सहित 3 सौ 13 सड़कें यातायात के लिए अवरूद्ध हैं। इसके अलावा 97 बिजली ट्रांसफार्मर और 51 पेयजल योजनाएं भी ठप्प हैं। वर्षा से जुड़ी घटनाओं में राज्य में अब तक 2 सौ 98 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 37 अभी भी लापता हैं।

सुर्खियां समाचार पत्रों से.........

आज समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है। अमर उजाला का शीर्षक है– चार घंटे होगी पशु मित्रों की ड्यूटी, 5 हजार मिलेगा मानदेय।

दैनिक जागरण लिखता हैं–प्रभारी से ढाई घंटे चर्चा के बाद बोले सी.एम. सुक्खू–प्रदेशाध्यक्ष कोई बने, मेरा समर्थन । हिमाचल दस्तक के शब्द हैं–नाश्ते के टेबल पर बनी कांग्रेस अध्यक्ष के नाम पर सहमति–सुक्खू सरकार के किसी मंत्री या डिप्टी स्पीकर विनय कुमार को बागडोर देने पर चर्चा।

दिव्य हिमाचल की एक खबर है– मोबाईल पर समन भेजेगी अदालत–नए कानून के तहत अब होगी नई व्यवस्था, ई–कोर्ट और ई–पेशी पर करेंगे काम।

दैनिक भास्कर के शब्द हैं–जिला मुख्यालयों में अपशिष्ट प्रबंधन संयंत्र क्यों नहीं, हाईकोर्ट ने सरकार से मांगा जवाब।

——————